उत्पाद सुरक्षा समृद्धि

# बिहार राज्य भंडार निगम

बी–2, प्रथम तल, मौर्यलोक परिसर, पटना–1

**निविदा आमंत्रण सूचना सं०- ED-02/SBD/2024-25 द्वारा प्रकाशित निविदा से संबंधित दिनांक 22.08.2024 को सम्पन्न प्री-बीड बैठक की कार्यवाही:-**

**उपस्थिति-पंजी के अनुसार**

मुख्य अभियंता, बिहार राज्य भंडार निगम ने बैठक में उपस्थित सभी अभियंताओं/पदाधिकारियों एवं प्री–बीड में भाग लेने वाले सभी उद्यमी/फर्म/एजेन्सी का स्वागत करते हुए प्रासंगिक निविदा से संबंधित NIT तथा योजना के महत्वपूर्ण आवश्यकताओं के संदर्भ में जानकारी दी। बिहार राज्य भंडार निगम के कार्यपालक अभियंता द्वारा योजना के विशिष्टियों एवं तकनीकी पहलुओं के संबंध में बताया गया।

तत्पश्चात बैठक में उद्यमी/फर्म/एजेन्सी द्वारा गोदाम निर्माण कार्य की होने वाले गोदामों की निविदा में भाग लेने हेतु समर्पित किये जाने वाले आवश्यक कागजातों एवं जानकारियों के संबंध में पृच्छा की गयी जिसका समाधान बिहार राज्य भंडार निगम, पटना के अभियंताओं/पदाधिकारियों द्वारा किया गया। जिसके मुख्य अंश निम्नवत है:-

1) उद्यमी/फर्म/एजेन्सी को सूचित किया गया कि गोदाम के निर्माण कार्य हेतु निविदा के NIT की सभी शर्तो एवं SBD के सारे प्रावधान लागू होंगे जिसे पूरा करना आवश्यक है।

2) उद्यमी/फर्म/एजेन्सी को जानकारी दी गयी कि निविदादाताओं द्वारा परिमाण विपत्र क्रय करने के पहले कार्य स्थल, प्राक्कलन राशि एवं निर्माण सामग्रियों की उपलब्धता से पूर्ण रूप से संतुष्ट होने के पश्चात् ही निविदा जमा करने का परामर्श दिया जाता है। इस संबंध में बाद में किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

3) उद्यमी/फर्म/एजेन्सी को अवगत कराया गया कि CA द्वारा Certified/Audited/Attested किए जाने वाले सभी documents यथा Audited Balance sheet/turnover certificate / अन्य आवश्यक दस्तावेज पर UDIN नम्बर अंकित कराने के उपरांत ही निविदादाता इसे निविदा के साथ संलग्न कर https://eproc2.bihar.gov.in पर upload करेंगे।

4) उद्यमी/फर्म/एजेन्सी को सूचित किया गया कि निविदादाताओं को आवंटित कार्य से संबंधित मुख्य निर्माण सामग्रियों का गुण नियंत्रण द्वारा जांचोपरान्त समर्पित प्रतिवेदन भी दिया जाना आवश्यक होगा। जिसके अभाव में भुगतान रोक दिया जा सकता है।

5) उद्यमी/फर्म/एजेन्सी को बताया गया कि निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का शुद्धि पत्र https://eproc2.bihar.gov.in वेबसाईट पर प्रकाशित किया जाएगा। निविदाकर्त्ता

उक्त वेबसाईट से प्रकाशित निविदा से संबंधित किसी भी अद्यतन जानकारी को प्राप्त कर सकते है।

6) उद्यमी/फर्म/एजेन्सी को जानकारी दी गयी कि बीड प्रोसेसिंग फीस+सर्विस टैक्स (अप्रत्यर्पणीय), परिमाण विपत्र का मुल्य GST सहित तथा अग्रधन की राशि का भुगतान संवेदक अनिवार्य रूप से आनलाईन विधि यथा Internet Payment Gateway (Credit Cards) अथवा Challan के माध्यम से होगा। पावती रसीद https://eproc2.bihar.gov.in पर अपलोड करना होगा। ऐसा नहीं करने पर निविदा मान्य नहीं होगा।

7) उद्यमी/फर्म/एजेन्सी को अवगत कराया गया कि निविदा अपलोड करने में किसी भी प्रकार की समस्या हो तो बेल्ट्रोन के हेल्प डेस्क से अथवा निगम कार्यालय के तत्संबंधी अभियंताओं/पदाधिकारियों से कार्यालय दिवस में सहायता प्राप्त की जा सकती है।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 22/8/24 | 22/8/24 | 22/8/24 | 22/8/24 | 22/8/24 |
| प्र0 प्र0 राजस्व | तकनीकी परामर्शी | लेखा पदाधिकारी | प्र0 प्र0 व्यवसाय | कार्यपालक अभियंता |
| बि.रा.भं.नि., पटना | बि.रा.भं.नि., पटना | बि.रा.भं.नि., पटना | बि.रा.भं.नि., पटना | बि.रा.भं.नि., पटना |

मुख्य अभियंता
बि.रा.भं.नि., पटना

## ई–निविदा आगंत्रण सूचना सं0– ED-02/SBD/2024–25

*प्री–बिड मिटींग की बैठक दिनांक 22.08.2024.*

दिनांक 22.08.2024 को निविदा सं0– ED-02/SBD/2024–25_को प्री–वीड मिटींग की वैठक में भाग लेनेवाले सभी पदाधिकारियों संवेदकों की उपस्थितिः–

| क्र.सं. | पदाधिकारियों का नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| 1. | मुख्य अभियंता | 22.8.24 |
| 2. | कार्यपालक अभियंता | 22/8/24 |
| 3. | लेखा पदाधिकारी | 22/8/24 |
| 4. | तकनीकी परामर्शी | 22/8/24 |
| 5. | प्र0 प्र0 व्यवसाय | 22/8/24 |
| 6. | प्र0 प्र0 राजस्व | 22/8/24 |

| क्र.सं. | संवेदकों का नाम | मो0 नम्बर | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1. | Roshan KUMAR VATSA | 9006534201 | |
| 2. | Anil Kumar Singh | 9472981116 | |
| 3. | | | |
| 4. | | | |
| 5. | | | |
| 6. | | | |
| 7. | | | |
| 8. | | | |
| 9. | | | |
| 10. | | | |